# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना-800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, वेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, ई-मेल : bseapatna@gmail.com


पटना/ दिनांक 02/11/2021

## अधिसूचना

संख्या-नि॰ प्रा॰/नि॰ 1-07/2021 ...1697...... चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित/ विघटित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

2. और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-1 में अंकित प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों, जिनके निर्वाचन देय हैं या जो अधिक्रमित/ विघटित हैं, या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।**

3. अत: बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा- 4 एवं बिहार सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा-14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् **कंडिका-4** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार **अनुलग्नक-1** में अंकित प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु दिनांक **13.12.2021 (सोमवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने **पत्र संख्या 1169 दिनांक 09.08.2021 एवं पत्रांक 1218 दिनांक 13.08.2021** द्वारा मतदाता सूची तैयार करने के लिए **कट-ऑफ तिथि 31.07.2021** निर्धारित की गई है एवं तद्नुसार मतदाता सूची का **अंतिम प्रकाशन दिनांक 03.09.2021** को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जा चुका है।

**4. उक्त दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के प्रबंध समिति के निर्वाचन हेतु निम्नांकित कार्यक्रम नियत किया जाता है:-**

| क्र० | निर्वाचन के प्रक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र- ई 1 में सूचना का प्रकाशन | 16.11.2021 (मंगलवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 01.12.2021 (बुधवार) एवं 02.12.2021 (गुरूवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 03.12.2021 (शुक्रवार) एवं 04.12.2021 (शनिवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 06.12.2021 (सोमवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |

| | | |
|---|---|---|
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 13.12.2021 (सोमवार)<br>06:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 13.12.2021 (सोमवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |

5. निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्राधिकार के वेबसाईट- **http//bsea.bihar.gov.in** पर ऑनलाईन के माध्यम से विभिन्न अवधियों में निम्न सूचनाओं को प्रविष्ट किया जाना तथा अंतिम मतदाता सूची को अपलोड किया जाना अनिवार्य है। यदि निम्न सूचनाओं की प्रविष्ट नहीं की जायगी, तो प्राधिकार इसे काफी गंभीरता से लेगाः-

| क0 | सूचना प्रविष्ट/ अपलोड किये जाने का समय | प्रविष्ट/ अपलोड किये जाने वाली सूचना |
|---|---|---|
| i. | सूचना के प्रकाशन की तिथि के तुरंत पश्चात् | ई0-1 में सूचना का प्रकाशन किया गया अथवा नहीं (हॉ अथवा नहीं में), की सूचना को प्रविष्ट करना है। |
| ii. | संवीक्षा की तिथि के तुरंत पश्चात | निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित/ मतदाताओं की संख्या, को प्रविष्ट करना है। |
| iii. | मतदान के दिन विभिन्न अवधियों में | मतदाताओं द्वारा दिये गये मतों की संख्या (मतदान प्रतिशत की गणना सर्वर द्वारा स्वतः ही कर लिया जायेगा), को प्रविष्ट करना है। |
| iv. | मतदान के तुरंत पश्चात् अथवा दो दिनों के अंदर | सविरोध/ निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थियों की सूचना (प्रपत्र ई0 18 से संबंधित), को प्रविष्ट करना एवं तदोपरांत डाउनलोड Pdf का Black and White mode में स्कैन कर निर्वाचन पदाधिकारी के हस्ताक्षर के साथ प्राधिकार के ई-मेल bseapatna@gmail.com पर भेजना है। |
| v. | मतगणना के तुरंत पश्चात् एक सप्ताह के अंदर | पब्लिक डोमेन में सुरक्षित रखने हेतु अद्यतनीकरण के पश्चात् की अंतिम मतदाता सूची (जिस पर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर अनिवार्य है) को प्राधिकार के पत्र-469 दिनांक 25.02.2021 में दिये गये निर्देशों के अनुरूप स्कैन कर प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करना है। |

6. प्रपत्र ई0-1 में सूचना के प्रकाशन की प्रविष्टि प्राधिकार के वेबसाईट पर निर्धारित समय पर नहीं किये जाने की स्थिति में प्राधिकार उक्त समिति का निर्वाचन स्थगित कर देगा। संवीक्षा की तिथि के तुरंत पश्चात् निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित/ मतदाताओं की संख्या की प्रविष्टि नहीं किये जाने की स्थिति में भी उक्त कार्य के लिए निर्धारित तिथि के तीन दिनों के पश्चात् संबंधित समिति का चुनाव प्राधिकार द्वारा स्थगित कर दिया जायेगा। यदि उक्त ऑनलाईन सूचनाओं के अभाव में संबंधित समिति का चुनाव स्थगित किये जाने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसके लिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी जवाबदेह होंगे और इसके लिए उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा उनके प्रशासी विभाग से की जायेगी।

7. बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम (बिहार अधिनियम 06, 2013) द्वारा अधिनियम VI, 1935 की धारा- 14 में किये गए संशोधन के आलोक में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा-

i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव आदि पद सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छः पद आरक्षित होंगे।

ii) सहकारी समिति के प्रबंधकारिणी समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) पद, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) पद और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) पद आरक्षित किये जायेंगे।

iii) उपर्युक्त आरक्षित पदों की कुल संख्या प्रबंधकारिणी समिति के कुल पदों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

iv) अगर समिति में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद रिक्त रहेंगे।

v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित पदों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं, पद उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर समिति की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद रिक्त रहेंगे।

vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों को छोड़कर प्रबंधकारिणी समिति में जो शेष पद बच जाते हैं, उन पदों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अधिक नहीं, पद महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन पदों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेंगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद रिक्त रहेंगे।

vii) जिन समितियों में निर्वाचित होने वाले पदों की संख्या 12 (बारह) से कम होंगी, उनमें निबंधक, सहयोग समितियाँ के पत्रांक 4992 दिनांक 01.11.2013 के आलोक में पदों की संख्या 12 मानकर एवं तद्नुसार ऊपर वर्णित आरक्षण के प्रावधानों को लागू कर निर्वाचन संपन्न कराया जायेगा।

8. निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए संलग्न **प्रपत्र- ई० 1** में आवश्यक प्रविष्टियाँ अंकित कर सूचना **दिनांक 16.11.2021 (मंगलवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

9. जिन समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र- ई० 3** (नए प्रकाशित निर्वाचन

पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका में उल्लिखित) में विधिमान्यत: नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र- ई० 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं तिथियों को **फैक्स (0162-2231562)** अथवा **ई-मेल (bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

10. **निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) को प्राधिकार के वेबसाइट पर एक सप्ताह के अंदर अपलोड किया जाना है।** इससे संबंधित प्राधिकार के पत्रांक 469 दिनांक 25.02.2021 एवं पत्रांक 530 दिनांक 03.03.2021 तथा इस पत्र के साथ संलग्न दिशा-निर्देश सभी पदाधिकारियों को पूर्व में भी संसूचित किया जा चुका है। ये पत्र प्राधिकार के वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

11. **कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के दृष्टिकोण से प्राधिकार के पत्रांक 1442 दिनांक 02.07.2020 द्वारा 700 मतदाताओं के बजाय 450 मतदाताओं पर मतदान केन्द्र बनाने का निर्णय किया गया है। उक्त आदेश के आलोक में अतिरिक्त मतदान केन्द्रों का निर्धारण तुरन्त कर लेना है। यह भी स्पष्ट किया जा चुका है कि अतिरिक्त बनाए गए मतदान केन्द्रों के लिए समिति को कोई अतिरिक्त निर्वाचन शुल्क नहीं देना होगा। इस पर होने वाले व्यय का वहन प्राधिकार द्वारा किया जायेगा। मतदान के समय भीड़-भाड़ से बचने हेतु मतदान का समय भी विस्तारित करके 06:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक किया गया है। इस संबंध में प्राधिकार के पत्रांक 1442 दिनांक 02.07.2020 द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश दिया गया है।**

12. **समिति के चुनाव क्षेत्र के किसी भी हिस्से को दिनांक 16.11.2021 के बाद यदि कंटेन्मेंट जोन घोषित किया जाता है या पूर्व से घोषित कंटेन्मेंट जोन की अवधि दिनांक 16.11.2021 के बाद समाप्त हो रही हो, तो जिला निर्वाचन पदाधिकारी संबंधित समिति के चुनाव को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर देंगे एवं इसकी घटनोत्तर स्वीकृति प्राधिकार से प्राप्त करेंगे। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के दृष्टिकोण से या किसी अन्य कारण से भी किसी समिति के चुनाव को स्थगित करने की स्थिति बनती है, तो जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को इसकी अनुशंसा कर अनुमोदन प्राप्त करेंगे। यदि पूर्व से घोषित मतदान केन्द्र कंटेन्मेंट जोन के अन्तर्गत आ जाते हैं, तो निर्वाचन पदाधिकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अनुमोदन से मतदान केन्द्र बदल देंगे और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।**

13. **कोरोना वायरस का प्रभाव अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी मतदान एवं मतगणना केन्द्र पर कोरोना संक्रमण से संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये अद्यतन निरोधात्मक उपायों एवं सामान्य मानक प्रक्रिया का ध्यान रखेंगे तथा यह व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे कि मतदान एवं मतगणना केन्द्र पर भीड़-भाड़ की स्थिति उत्पन्न न हो एवं सामाजिक दूरी बनी रहे। पंक्तिबद्ध होने की स्थिति में एक-दूसरे के बीच मानक दूरी बनाये रखा जाय तथा मतदाताओं के हाथ को हैंड सेनिटाईजर/ साबुन पानी से साफ किये जाने आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। मतदान केन्द्र पर कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए संलग्न परिशिष्ट में अंकित व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की जाएगी। हैंड सेनिटाईजेशन/ साबुन पानी से हाथ साफ कराने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी एक अतिरिक्त कर्मी की व्यवस्था करेंगे, जिसके भुगतान के लिए प्राधिकार द्वारा राशि का आवंटन किया जाएगा।**

अनुलग्नक: यथोक्त।

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव

ज्ञापांक : ...1697........ पटना/ दिनांक ...02/11/2021...

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव

ज्ञापांक : ...1697........ पटना/ दिनांक ...02/11/2021

प्रतिलिपि: संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित उप विकास आयुक्त/ संबंधित वरीय अपर समाहर्त्ता –सह– नोडल पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियाँ अपने स्तर से भी ससमय संबधित प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

3. संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को निदेशित किया जाता है कि प्राधिकार के पत्रांक–8933 दिनांक–15.06.2012 द्वारा प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों के निर्वाचन संचालन हेतु निर्गत आवश्यक अनुदेश का अनुसरण आवश्यक संशोधनों के साथ (Mutatis Mutandis) करेंगे। यह अनुदेश प्राधिकार के वेबसाईट http://bsea.bihar.gov.in पर उपलब्ध है। विहित प्रपत्रों की प्रति सहकारी समितियों के **निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका** में उपलब्ध है।

सचिव।

ज्ञापांक : ...1697........ पटना/ दिनांक ...02/11/2021...

प्रतिलिपि– प्रबंध निदेशक, कम्फेड, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, कतीरा, आरा– 802301/ प्रबंध निदेशक, मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, गया डेयरी, कटारी हील रोड, गया– 823001/ प्रबंध निदेशक, मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, समस्तीपुर डेयरी, औद्योगिक क्षेत्र, पोस्ट– हरपुर एलौथ, जिला– समस्तीपुर– 848101/ प्रबंध निदेशक, विक्रमशीला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, मायागंज, हॉस्पीटल रोड, भागलपुर– 812001/ प्रबंध निदेशक, तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, मुजफ्फरपुर डेयरी, पोस्ट–कलवारी, मुजफ्फरपुर–843108/ प्रबंध निदेशक, देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बरौनी, पिन नं०– 85112, जिला– बेगूसराय/ प्रबंध निदेशक, वैशाल पाटलीपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, फुलवारीशरीफ, पटना– 801505 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. संबंधित दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक से अनुरोध है कि वे दुग्ध समिति की उपविधियाँ दिनांक 15.11.2021 तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियों के आधार पर जिन–जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 1697 पटना/ दिनांक 02/11/2021

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 1697 पटना/ दिनांक 02/11/2021

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग/ प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 1697 पटना/ दिनांक 02/11/2021

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ विशष कार्य पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक/ श्री हरिकिशुन राम, सहायक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

# निर्वाचन हेतु प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूचीः-

| क्र0 | जिला | प्रखंड | समिति का नाम | संबद्ध संघ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बक्सर | ईटाढ़ी | कैथना | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 2 | बक्सर | ईटाढ़ी | ताजपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 3 | बक्सर | बक्सर | बड़की बसौली | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 4 | बक्सर | बक्सर | महदह | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 5 | बक्सर | बक्सर | बलाउर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 6 | बक्सर | बक्सर | महिला रमोवरिया | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 7 | बक्सर | केसठ | किरनी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 8 | बक्सर | नावानगर | अतमी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 9 | बक्सर | नावानगर | मनहथा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 10 | बक्सर | नावानगर | नोखपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 11 | बक्सर | नावानगर | बुढैला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 12 | बक्सर | नावानगर | टिक पोखर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 13 | बक्सर | नावानगर | कड़सर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 14 | कैमूर | मोहनियाँ | ईस्माइलपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 15 | कैमूर | चाँद | बहदुरा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 16 | कैमूर | चाँद | बल्लीपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 17 | कैमूर | चाँद | कौवाठोर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 18 | कैमूर | नुआँव | खैराटी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 19 | कैमूर | नुआँव | मापतपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 20 | कैमूर | नुआँव | पुरानी कोर्ट | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 21 | कैमूर | नुआँव | कम्हारी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 22 | कैमूर | नुआँव | कारीराम | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 23 | कैमूर | नुआँव | अहिरौली | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 24 | कैमूर | नुआँव | नुआव मेला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 25 | कैमूर | नुआँव | चिन्तामनपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 26 | कैमूर | नुआँव | महिला हरिहरपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 27 | कैमूर | नुआँव | मोरथ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 28 | भोजपुर | उदवंतनगर | सोनपुरा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 29 | भोजपुर | उदवंतनगर | सरथुआ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 30 | भोजपुर | उदवंतनगर | दर्शनछपरा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 31 | भोजपुर | सहार | खरॉव कला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 32 | भोजपुर | बिहियॉ | मनियारा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 33 | भोजपुर | बिहियॉ | जादोपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 34 | भोजपुर | बिहियॉ | घाघा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 35 | भोजपुर | चरपोखरी | बगुसरा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 36 | भोजपुर | चरपोखरी | डुमरिया | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 37 | भोजपुर | चरपोखरी | एकौनी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 38 | भोजपुर | चरपोखरी | पलिया | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 39 | भोजपुर | चरपोखरी | मुकुन्दपुर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 40 | भोजपुर | चरपोखरी | तेतरियॉ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 41 | भोजपुर | चरपोखरी | कुम्हैला | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 42 | भोजपुर | तरारी | जेठवार | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 43 | भोजपुर | तरारी | बड़का गॉव | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 44 | भोजपुर | तरारी | रामनगर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 45 | भोजपुर | तरारी | धनगॉवा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 46 | भोजपुर | तरारी | बरसी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 47 | भोजपुर | तरारी | बागर | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 48 | भोजपुर | तरारी | महिला डुमरियॉ | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 49 | रोहतास | नोखा | वलिगमा | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 50 | रोहतास | नोखा | चंकी | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 51 | रोहतास | नोखा | नारन | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 52 | रोहतास | तिलौथु | चितौली | शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० |
| 53 | जहानाबाद | मोदनगंज | खेमचन्द विगहा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 54 | जहानाबाद | जहानाबाद | धनौती | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 55 | जहानाबाद | जहानाबाद | शिवाविगहा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 56 | जहानाबाद | जहानाबाद | धनधर विगहा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 57 | जहानाबाद | जहानाबाद | कुमारू विगहा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 58 | जहानाबाद | हुलासगंज | डिहुरी | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 59 | जहानाबाद | हुलासगंज | शेरथुआ | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 60 | अरवल | करपी | शिवनगर | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 61 | अरवल | करपी | चनौरा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 62 | अरवल | कलेर | खैरा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 63 | अरवल | कलेर | बख्तर | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 64 | अरवल | कलेर | टेंरी इमामगंज | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 65 | औरंगाबाद | रफीगंज | पौथू | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 66 | औरंगाबाद | दाउदनगर | नोनार | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 67 | औरंगाबाद | दाउदनगर | संसा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 68 | औरंगाबाद | दाउदनगर | केशराड़ी | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 69 | औरंगाबाद | दाउदनगर | बाबू अमौना | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 70 | औरंगाबाद | गोह | नेयामतपुर | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 71 | गया | बांकेबाजार | सिंघपुर | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 72 | गया | बांकेबाजार | उतरी नावाडीह | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 73 | गया | बांकेबाजार | डुमरावाँ | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 74 | गया | बांकेबाजार | महिला जुरीबेचू विगहा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 75 | गया | बांकेबाजार | खजुरिया | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 76 | गया | कोच | सिंघड़ा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 77 | गया | वजीरगंज | मलठिया | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 78 | गया | गुरूआ | उसेवा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 79 | गया | गुरूआ | श्रीराम विगहा | मगध दु०उ०स०स०लि०, गया |
| 80 | मधुबनी | खजौली | अकाशपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 81 | मधुबनी | खजौली | बिरौल | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 82 | मधुबनी | खजौली | ठेंगहा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 83 | मधुबनी | बासोपट्टी | नरकटिया | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 84 | समस्तीपुर | खानपुर | मनवारा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 85 | समस्तीपुर | खानपुर | अमसौर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 86 | समस्तीपुर | खानपुर | मुजारी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 87 | समस्तीपुर | खानपुर | ताल एघरा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 88 | समस्तीपुर | खानपुर | सलेमपट्टी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 89 | समस्तीपुर | खानपुर | बिक्रमपट्टी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 90 | समस्तीपुर | शिवाजीनगर | साहपुर कटघारा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 91 | समस्तीपुर | शिवाजीनगर | गंगाराही | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 92 | समस्तीपुर | शिवाजीनगर | करियन | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 93 | समस्तीपुर | शिवाजीनगर | छावनी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 94 | समस्तीपुर | शिवाजीनगर | मजरहिया | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 95 | समस्तीपुर | शिवाजीनगर | बहादुरपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 96 | समस्तीपुर | शिवाजीनगर | पुरनदाही | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 97 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | बेलसंडी तारा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 98 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | चोचाही महिला | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 99 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | शिवनाथपुर महिला | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 100 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | पटपारा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 101 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | सिंघियाबुजुर्ग | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 102 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | रूपौली खूर्द | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 103 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | चैनपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 104 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | बदिया | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 105 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | खैराज भुसवर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 106 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | कोरबद्धा टभका | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 107 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | झहुरा दक्षिण | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 108 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | रायटोल माधोपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 109 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | सोनवारचक | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 110 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | मिल्की | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 111 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | डिहवार स्थान | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 112 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | बनघारा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 113 | समस्तीपुर | विभुतिपुर | आलमपुर कोदिरया महिला | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 114 | समस्तीपुर | हसनपुर | खरहिया | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 115 | समस्तीपुर | हसनपुर | देवधा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 116 | समस्तीपुर | हसनपुर | राम नगर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 117 | समस्तीपुर | रोसड़ा | लालपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 118 | दरभंगा | बहादुरपुर | मोसबासी | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 119 | दरभंगा | हायाघाट | रसलपुर | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 120 | दरभंगा | हायाघाट | पौराम | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 121 | दरभंगा | दरभंगा | खुटवारा | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 122 | दरभंगा | दरभंगा | मिश्रौलिया | मिथिला दु०उ०स०स०लि०, समस्तीपुर |
| 123 | बांका | अमरपुर | पुरनचक म० | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 124 | बांका | अमरपुर | गोपालपुर | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 125 | भागलपुर | खरीक | अठगामा | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 126 | भागलपुर | बिहपुर | बापूदयालपुर | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 127 | भागलपुर | नवगछिया | प्रतापनगर | विक्रमशीला दु०उ०स०स०लि० |
| 128 | मुजफ्फरपुर | बोचहाँ | रामदास जीविका | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 129 | मुजफ्फरपुर | मोतीपुर | अंजनाकोट | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 130 | शिवहर | पुरनहिया | कोल्हुआ ठिकहॉ | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 131 | शिवहर | पुरनहिया | बसंतपट्टी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 132 | शिवहर | पुरनहिया | अदौरी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 133 | पूवी चम्पारण | केसरिया | कढ़ान | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 134 | पूवी चम्पारण | कल्याणपुर | बलमी सिरसिया | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 135 | पूवी चम्पारण | पकड़ी दयाल | परसौनी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 136 | पूवी चम्पारण | आदापुर | कुरमिनिया | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 137 | पूवी चम्पारण | आदापुर | पंचपोखरिया | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 138 | सीवान | आन्दर | गहिलापुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 139 | सीतामढ़ी | मेजरगंज | डंगराहा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 140 | सीतामढ़ी | डुमरा | आजमगढ़ उत्तरी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 141 | सीतामढ़ी | डुमरा | गोपनाथपुर | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 142 | सीतामढ़ी | बेलसण्ड | डुमरा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 143 | सीतामढ़ी | बाजपट्टी | ढोढ़ी रतनपुरा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 144 | गोपालगंज | फुलवरिया | रामपुर कला | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 145 | गोपालगंज | फुलवरिया | सोनगढवा | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 146 | गोपालगंज | फुलवरिया | मदरवानी | तिरहुत दु०उ०स०स०लि० |
| 147 | खगड़िया | खगड़िया | गंगौर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 148 | खगड़िया | खगड़िया | रानी सकरपुरा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 149 | खगड़िया | खगड़िया | दुर्गापुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 150 | खगड़िया | खगड़िया | बड़ी कोठिया | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 151 | खगड़िया | गोगरी | रामचन्द्रपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 152 | खगड़िया | गोगरी | सोनडिहा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 153 | खगड़िया | गोगरी | बलतारा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 154 | खगड़िया | गोगरी | हरिपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 155 | खगड़िया | गोगरी | पौड़ा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 156 | बेगूसराय | बरौनी | पपरौर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 157 | बेगूसराय | बरौनी | चकबल्ली | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 158 | बेगूसराय | बरौनी | बाबाथान | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 159 | बेगूसराय | बरौनी | पिपरा देवस म० | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 160 | बेगूसराय | बरौनी | अमरपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 161 | बेगूसराय | बरौनी | मालती पूर्वी टोल | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 162 | बेगूसराय | बरौनी | शक्ति महिला | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 163 | बेगूसराय | चे० बरियारपुर | विक्रमपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 164 | बेगूसराय | चे० बरियारपुर | खॉजहॉपुर | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 165 | बेगूसराय | चे० बरियारपुर | पतेलिया डेरा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 166 | बेगूसराय | नावकोठी | महेशवारा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 167 | बेगूसराय | नावकोठी | समसा | देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० |
| 168 | शेखपुरा | शेखोपुरसराय | सुगिया | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 169 | शेखपुरा | शेखपुरा | पैनडीह | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 170 | शेखपुरा | शेखपुरा | करीमुल्लाहपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 171 | पटना | बिहटा | पथलौटिया | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 172 | पटना | पुनपुन | सुलतानचक | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 173 | पटना | दुल्हिन बाजार | नवादा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 174 | पटना | दुल्हिन बाजार | सिंही | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 175 | सारण | मशरक | हंसापिर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 176 | सारण | मशरक | बहादुरपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 177 | सारण | मशरक | कबलपुरा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 178 | सारण | दिघवारा | हराजी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 179 | सारण | पानापुर | रसौली | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 180 | सारण | पानापुर | रमदासपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 181 | सारण | पानापुर | पचहतर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 182 | सारण | पानापुर | सोनवर्षा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 183 | सारण | पानापुर | धेनुकी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 184 | सारण | सोनपुर | हसनपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 185 | वैशाली | बिदुपुर | खिलवत | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 186 | वैशाली | राजापाकर | लगुरावँ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 187 | वैशाली | राजापाकर | रामपुर दिलावर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 188 | वैशाली | वैशाली | शेखपुरा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 189 | वैशाली | चेहराकला | चकौलिया | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 190 | वैशाली | चेहराकला | मथनामाल | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 191 | वैशाली | लालगंज | पचमदियाँ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 192 | वैशाली | लालगंज | लालपुरा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 193 | नालन्दा | परवलपुर | महिला मिर्जापुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |
| 194 | नालन्दा | वेन | महिला बड़ी आँट | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० |

..................प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग
समिति लिमिटेड का निर्वाचन

## प्रपत्र- ई०–1

## सूचना का प्रपत्र

जिला ................................, प्रखंड ................................के अन्तर्गत................................(समिति का नाम) के अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक........................को किया जाना है,

मैं............................................................निर्वाचन पदाधिकारी एतद् द्वारा निम्नलिखित आम सूचना देता हूँ :–
(निर्वाचन पदाधिकारी का नाम)

### आम सूचना

(i) निर्वाचित होने वाले व्यक्तियों की संख्या 13 है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है :–

| पद | निर्वाचित किये जाने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| 1 | 2 |
| अध्यक्ष | 01 पद (अनारक्षित) |
| सदस्य | 12 पद |
| • अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 02 पद (आरक्षित) जिसमें से 50% से अनधिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित |
| • पिछड़ा वर्ग | 02 पद (आरक्षित) जिसमें से 50% से अनधिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित |
| • अति पिछड़ा वर्ग | 02 पद (आरक्षित) जिसमें से 50% से अनधिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित |
| • सामान्य वर्ग | 06 पद, जिसमें से 50% से अनधिक पद महिलाओं के लिए आरक्षित |

(ii) अध्यक्ष के पद को छोड़कर आरक्षित एवं अनारक्षित सभी कोटियों में अलग-अलग पदों की कुल संख्या के 50% के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50% से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं पद सम्बन्धित कोटि की महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। किसी कोटि में महिला सदस्य नहीं रहने की स्थिति में ये पद रिक्त रहेंगे।

(iii) नामांकन पत्र अद्योहस्ताक्षरी को उनके कार्यालय........................................ (स्थान का नाम) अथवा अपरिहार्य कारणों से उसे प्राप्त नहीं कर सकने की स्थिति में........................................................(उप निर्वाचन पदाधिकारी का नाम) को ............................ .......................... (स्थान का नाम) पर दाखिल किया जा सकता है। नामांकन पत्र दिनांक ................................................ (नामांकन पत्र दाखिला की तिथि) 11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

(iv) नामांकन पत्र का प्रपत्र उपरोक्त पदाधिकारियों के कार्यालय से दिनांक................................से दिनांक..............................तक ....................बजे से...................बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

(v) नामांकन पत्रों की संवीक्षा दिनांक........................को.................................. (स्थान का नाम) पर 11 बजे पूर्वाह्न में प्रारंभ होगी एवं लगातार चलती रहेगी।

(vi) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना दिनांक.....................................को अपराह्न ........... बजे के पूर्व तक ............................... (स्थान का नाम) पर दाखिल की जा सकती है।

*(vii) प्रपत्र-ई 6 तथा प्रपत्र- ई 7 जारी किये जाने के पश्चात् विधिमान्य अभ्यर्थियों को प्रतीक आवंटन किया जाएगा।

(viii) सविरोध निर्वाचन की स्थिति में मतदान दिनांक...........................................को निम्नांकित मतदान केन्द्र/ केन्द्रों पर 06:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा:–

| मतदान केन्द्र संख्या | मतदान केन्द्र का नाम |
|---|---|
| (1) | |
| (2) | |
| (3) | |

(ix) मतगणना दिनांक .................................को ..........................बजे से ................................................ (स्थान का नाम) में की जायेगी। सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को मतगणना केन्द्र के स्थान की सूचना ससमय उपलब्ध करा दी जायेगी।

स्थान –
तिथि –

निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर

---

*जो लागू न हों, उसे काट दें।

## मतदान केन्द्र पर कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए की जाने वाली व्यवस्थाएँ:-

1. मतदान केन्द्र को मतदान के एक दिन पूर्व सेनेटाईज किया जाएगा। बैलेट बॉक्स एवं सेनिटाईज करने योग्य अन्य सामग्रियों को भी सेनिटाईज किया जाएगा।
2. मतदान केन्द्र पर कार्यरत मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए मास्क एवं डिस्पोज़ेबल ग्लब्स उपलब्ध कराये जाएँगे।
3. मतदान केन्द्र परिसर में मतदाता के प्रवेश के वक्त ही उनके हाथों को साबुन-पानी से धोने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए एक प्लास्टिक की बाल्टी, मग एवं साबुन की व्यवस्था की जाएगी।
4. मतदान केन्द्र परिसर में प्रवेश के वक्त प्रत्येक मतदाता की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी।
5. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक मतदाता मास्क अथवा गमछा या अन्य कपड़े से मुँह-नाक ढके हों। केवल मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने हेतु इसे हटाया जा सकेगा। उस वक्त भी मतदान केन्द्र में उपस्थित सभी व्यक्तियों से मतदाता को कम से कम 2 मीटर की दूरी बनाए रखना जरूरी होगा।
6. मतदान केन्द्र पर लगने वाली कतार में सामाजिक दूरी का पालन हो सके, इसके लिए कम-से-कम एक मीटर की दूरी पर गोल घेरा बनाया जाएगा, जिसमें मतदाता खड़े होंगे।
7. मतदान हेतु कमरे में प्रवेश करते वक्त प्रत्येक मतदाता के हाथों को हैंड सेनिटाईजर से सेनिटाईज किया जाएगा।
8. वोटिंग स्टीक को पकड़ने के लिए टिश्यू पेपर की व्यवस्था की जाएगी। वोटिंग करने के पश्चात् मतदाता द्वारा इस्तेमाल की गई टिश्यू पेपर को डस्टबीन में डाल दिया जाएगा। इसे अन्यत्र नहीं फेंका जाएगा।
9. मतदान के पश्चात् कमरे से बाहर निकलने वाले मतदाताओं के हाथों को हैंड सेनिटाईजर से पुनः सेनिटाईज किया जाएगा।
10. पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान कर्मी द्वारा भी मतपत्र देने में नियमानुकूल सामाजिक दूरी का पालन किया जाएगा।
11. मतदान कार्य समाप्ति के पश्चात् मतदान कर्मी डिस्पोसेबल ग्लब्स/ मास्क एवं प्रयुक्त टिश्यु पेपर इत्यादि का सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप डिस्पोजल कराएँगे। जिला पदाधिकारी इसके लिए सिविल सर्जन के माध्यम से व्यवस्था कराएँगे।
12. मतदान केन्द्र पर उपर्युक्त के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये निरोधात्मक उपायों एवं सामान्य मानक प्रक्रिया का भी ध्यान रखा जाएगा।

—0—